Survey in regard to atrocities of women

2506. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK): Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state whether Government have made or propose to make any survey in regard to the atrocities on women in the country through a high powered Committee in the light of the press report that (i) A woman is raped every six hours, (ii) a bride is burn every 12 hours, (iii) 60 per cent of the working women are being exploited, and (iv) about 75 per cent women are illiterate?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARMENTS OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS AND WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI MARGARET ALVA): No, Sir.

क्यूल साहेबगंज रेल लूप लाइन

2507. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्व रेलवे में क्यूल-साहेबगंज लूप लाइन को दोहरी लाइन में कब तक बदल दिया जायेगा और इस रेल लाइन पर रेल गाड़ियों को कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा तथा क्या इस कार्य को पूरा करने के लिए कोई समायावधि निर्धारित की गयी है ;

(ख) क्या यह सच है कि उन्होंने 14 फरवरी, 1987 को रेल कारखाना, जमालपुर का दौरा किया था और स्थानीय संसद-सदस्य को इसके बारे में बिलकुल भी जानकारी नहीं दी गयी थी ;

(ग) क्या यह बात उनके ध्यान में आई है कि जमालपुर स्थित कारखाना खण्डहर अवस्था में है और भाप से चलने वाले इंजनों के प्रयोग को बंद कर दिए जाने पर यह कारखाना बंद कर दिया जायेगा ;

(घ) क्या यह भी सच है कि यह कारखाना सैकड़ों वर्ष पुराना है और जो कारखाने इसके बाद में बने हैं उनमें काफी सुधार हुआ है, जबकि यह वहीं का वहीं बना हुआ है ; और

(ङ) यदि हां, तो रेल मंत्री द्वारा इसके उत्थान के लिए क्या-क्या आश्वासन दिये गये थे और उन आश्वासनों को कब तक कार्यान्वित कर दिये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) यह आगामी वर्षों में धन की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

(ख) भारतीय रेल यांत्रिक एवं बिजली इंजीनियरी संस्थान, जमालपुर के हीरक जयन्ती समारोह का निमंत्रण स्थानीय संसद सदस्य को भेजा गया था (अर्थात् लोक सभा के उस निर्वाचन क्षेत्र के संसद सदस्य को आमंत्रित किया गया था जिसमें जमालपुर स्थित है) जिसमें उल्लेख किया गया था कि रेल राज्य मंत्री मुख्य अतिथि होंगे ।

(ग) जमालपुर कारखाने का आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता है । भाप इंजनों को योजनाबध रूप में हटाने के कारण कारखाना बन्द नहीं किया जाएगा ।

(घ) यह कारखाना 100 वर्ष से भी अधिक पुराना है परन्तु इसमें प्रगति हुई है क्योंकि जमालपुर कारखाने के कार्य कलापों में विविधता आई है और आगे भी विविधता लाने का प्रस्ताव है ।

(ङ) जमालपुर कारखाने के आधुनिकीकरण के लिए इस समय एक व्यावहारिकता अध्ययन किया जा रहा है । अध्ययन पूरा होने पर व्यापक योजनाएं बनाई जाएंगी ।